तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 9 नवंबर 2025


दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 हाथियों को खदेड़ने जाना पड़ा महंगा हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत



## खबर संक्षेप

### सड़क को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज



**कोरबा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के तत्वाधान में 9 नवंबर की सुबह 11 बजे गौ माता चौक सीतामणी में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थुलाल यादव ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों की सड़के खराब है जिसे प्रदेश सरकार ना तो मरम्मत करा रही है और ना ही पुनर्निर्माण का काम करा रहे हैं। श्री यादव ने कार्यक्रम को सफल बनाने जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, पार्षद, पूर्व पार्षद, सेवादल, इंटक, पार्षद प्रत्याशी, ब्लॉक, मंडल, जोन, वार्ड, बूथ कमेटी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अजा प्रकोष्ठ, अजजा प्रकोष्ठ सहित समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों को समय पर पहुंचने आग्रह किया है।

### सामाजिक संगठन परिसंघ की बैठक 20 को

**कोरबा।** सामाजिक संगठन परिसंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक 20 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित की गई है। बैठक में कुछ केंद्रीय मंत्री व उमेश पिंपरे राष्ट्रीय अध्यक्ष, चंदन लाल बाल्मीकि राष्ट्रीय सचिव एवं प्रताप करोसिया अध्यक्ष सफाई कर्मचारी आयोग व विष्णु भारती, छत्तीसगढ़ से मयूर हथेल प्रदेश अध्यक्ष सिकन्दर उसर वर्षा, राष्ट्रीय कोर कमेटी रामस्वरूप चौधरी जिला अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों को साथ दिल्ली बैठक में शामिल होंगे। बैठक में अनेक समस्याओं को प्रमुखता रखे जाएंगे जिनमें छत्तीसगढ़ सफाई कर्मचारी आयोग का गठन, सफाई कर्मचारी का ठेका प्रथा बंद हो, एसईसीएल, एनटीपीसी, बालको, सीएसईबी अन्य संस्थाएं सफाई कर्मचारियो की सीधी भर्ती एवं छत्तीसगढ़ में डोमार समाज का जाति प्रमाण पत्र जारी करने के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा।** एनटीपीसी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती समारोह के अंतर्गत एनटीपीसी कोरबा टाउनशिप स्थित विभागीय चिकित्सालय (नव जीवन अस्पताल) में बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय निवासियों, एनटीपीसी के अधिकारियों, ईटी प्रशिक्षुओं और सीआईएसएफ के जवानों ने रक्तदान किया। आयोजन में 121 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख विभाष घटक, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं प्रबंधन) और सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही। नव जीवन अस्पताल की टीम ने अत्यंत सावधानी और समर्पण के साथ आयोजन संपन्न कराया। हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विनोद कोल्हटकर ने कहा कि रक्तदान महादान की यह पुनीत पहल सेवा और सामुदायिक कल्याण के प्रति एनटीपीसी की अटूट प्रतिबद्धता का एक खूबसूरत प्रदर्शन रहा, जो वास्तव में जीवन को सशक्त बनाती है।

### सीबीएसई ने जारी की 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा की अंतिम डेटशीट

**कोरबा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की अंतिम डेटशीट जारी कर दी है। दोनों परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होंगी। इस बार सीबीएसई ने पहली बार परीक्षा शुरू होने से 110 दिन पहले ही डेटशीट जारी कर दी है, जिससे छात्रों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल गया है। बोर्ड का कहना है कि इससे विद्यार्थी अपनी पढ़ाई की बेहतर योजना बना सकेंगे और विषयवार रणनीति तैयार कर पाएंगे। छात्र और अभिभावक सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट जाकर कक्षा 10वीं और 12वीं की पूरी डेटशीट डाउनलोड कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार परीक्षाएं हर साल की तरह दो पाली में आयोजित की जाएंगी।

# ग्राम पंचायतों में लगेंगे क्यूआर कोड, मिलेगा पंचायतों में हुए खर्च का ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

ग्राम पंचायतों में होने वाले निर्माण कार्यों एवं अन्य शासकीय योजनाओं के लिए जारी होने वाली वित्तीय राशि के खर्च का पूरा ब्योरा अब ग्राम पंचायतों में क्यूआर कोड के माध्यम से ग्रामीण सीधे देख सकेंगे। पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों में खर्च हो रही राशि में पारदर्शिता लाने की दिशा पर यह कदम उठाया गया है। क्यूआर कोड से पंचायत को मिली कुल राशि और कार्यों का विवरण देखा जा सकेगा।

ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों के लिए जारी होने वाली शासकीय राशि में गड़बड़ियों की रोकथाम के लिए अब क्यूआर कोड लगाने की तैयारी शुरु हो गई है। पांच हजार से अधिक आबादी वाले ग्राम पंचायतों में इसे प्राथमिकता से लगाना होगा। इसके अलावा जिन ग्राम पंचायतों में सर्वाधिक राशि शासकीय मद से जारी होती है उन्हें भी क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य किया गया है। हालांकि सभी 400 ग्राम पंचायतों में क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। इससे जिले के ग्रामीण अंचलों के निवासियों को पंचायतों के द्वारा किस किस योजनाओं से कितनी कितनी राशि खर्च की गई इसका विवरण मिल सकेगा। अब तक ग्रामीणों को ग्राम सभा या ग्राम पंचायत की बैठक के माध्यम से ही विकास कार्यों में खर्च होने वाली राशि का ब्योरा मिलता था और उसमें भी बैठक के दौरान वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती थी। कई बार जिला पंचायत स्तर के अधिकारियों के हस्ताक्षेप के बाद खर्च का ब्योरा मिल पाता था।

### जिला पंचायत से सभी जनपदों को जारी किए गए हैं निर्देश

**खास बातें**

- पारदर्शिता लाने की दिशा पर उठाया गया है कदम
- पंचायत को मिले राशि और कार्यों का मिलेगा विवरण



### रुचि नहीं ले रहे हैं ग्राम पंचायतों के सरपंच

आदेश जारी होने के बाद भी ग्राम पंचायतों के सरपंच क्यूआर कोड लगाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। सभी पंचायतों को उनके क्यूआर कोड दिये गये हैं। जिसे ग्राम पंचायत के सभाकक्ष में चस्पा करना है लेकिन देखने में यह आ रहा है कि ग्राम पंचायत सरपंच के साथ सचिव भी क्यूआर कोड लगाने जैसे कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं। कुछ ग्राम पंचायतों में शुरुआत में क्यूआर कोड लगा दिए गए उसके बाद से स्थिति यह हो गई कि ग्रामीणों को पंचायत भवन में क्यूआर कोड देखने को नहीं मिल रही है।

### सबसे बड़ी समस्या शासकीय राशि गबन की

ग्राम पंचायतों में सबसे बड़ी समस्या शासकीय राशि में गड़बड़ी के साथ गबन की सामने आती है, जिसकी वसूली के लिए तहसीलदार के द्वारा वसूली आदेश जारी होता है। यहां तक की अनुविभागीय दण्डाधिकारी न्यायालय में वसूली के प्रकरण भी चलते हैं और वहां से वसूली का आदेश जारी हेने के बाद वसूली की कार्यवाही पूरी हो पाती है अभी भी कई ऐसे ग्राम पंचायते हैं जिनके पूर्व सरपंचों ने राशि तो निकाल ली है किंतु निर्माण कार्य नहीं कराए गए हैं। ऐसी पंचायतों से 30 से 40 लाख तक की राशि जिला प्रशासन को वसूलना है। क्यूआर कोड लगाए जाने के बाद कितनी राशि किस किस वर्ष पंचायत को मिली है और उससे होने वाले खर्च का विवरण मिलने के बाद शासकीय राशि के गबन जैसे प्रकरणों पर विराम लग सकेगा।

## करतला ब्लॉक में ग्राम फरसवानी हाईस्कूल में हुआ निर्माण

# एक करोड़ की लागत से तैयार की गई प्रयोगशाला पांच वर्ष में नहीं हो सकी शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हाई स्कूल की प्रायोगिक कक्षाओं की सुविधा के लिए प्रयोगशाला निर्माण हेतु एक बड़ी राशि खर्च की जा रही है। किंतु उसके सही इस्तेमाल पर अधिकारी रुचि नहीं ले रहे हैं। इसका उदाहरण करतला ब्लॉक के ग्राम फरसवानी के हाईस्कूल में देखने को मिल रहा है। जहां लगभग एक करोड़ की लागत से तैयार की गई प्रयोगशाला अब तक शुरु नहीं हो सकी है। जबकि इसके निर्माण को पांच वर्ष का समय बीत चुका है।

**खास बात**

- शासकीय राशि के उपयोग में अधिकारी नहीं ले रहे रुचि

हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रायोगिक कक्षाओं के लिए भवन की कमी होने को लेकर जिला शिक्षा विभाग के द्वारा राज्य शासन को बड़े हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में अलग से प्रयोगशाला भवन बनाए जाने हेतु समय समय पर प्रस्ताव भेजा जा रहा है। राज्य शासन विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति देने के साथ राशि भी जारी की गई थी। इसके तहत ग्राम फरसवानी के हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रयोगशाला भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए की लागत से ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के द्वारा प्रयोगशाला भवन का निर्माण किया गया था। भवन का निर्माण 2018 में पूरा होने के बाद उसका उपयोग नहीं किए जाने की जानकारी सामने आई है। इस संबंध में स्कूल प्रबंधन कुछ भी कहने से बच रहा है। वहीं विभागीय अधिकारी भी इस पूरे मामले में पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं।



प्रयोगशाला भवन।

### अधूरे पड़े हैं दो प्रयोगशाला कक्ष के कार्य

फरसवानी की प्रयोगशाला शुरु नहीं हो सकी है। अजगरबहार का प्रयोगशाला भवन जर्जर हो गया है। वहीं दूसरी ओर बालको कन्या हाई स्कूल के अलावा बालको बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में भी प्रयोगशाला कक्ष का निर्माण कार्य चल रहा है। जो बीते एक वर्ष से पूरा नहीं हो सका है। स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा उक्त राशि जारी होने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर इन दोनों स्कूल के छात्रों को पुराने प्रयोगशाला भवन में ही जहां कक्षाएं भी लगती है वहीं प्रायोगिक कक्षाएं भी चलाई जा रही हैं।

### अजगरबहार की प्रयोगशाला हो गई जर्जर

कोरबा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अजगरबहार में हाई स्कूल के लिए प्रयोगशाला कक्ष का निर्माण के लिए भी शिक्षा विभाग को स्वीकृति मिली थी। इसके लिए राशि जारी होने के बाद निर्माण कार्य किया गया। प्रयोगशाला भवन भी बनकर तैयार हुआ किंतु उसका उपयोग नहीं होने के कारण उक्त पूरा भवन आज जर्जर हो चुका है। बताया जा रहा है कि जिस स्थान में प्रयोगशाला भवन का निर्माण किया गया है उसकी दूरी हाई स्कूल परिसर से 5 सौ मीटर है यही कारण है कि स्कूल के छात्र 5 सौ मीटर दूर प्रयोगशाला जाने को तैयार नहीं हुए और न ही स्कूल के तत्कालीन प्राचार्य ने रुचि ली। यही कारण है कि एक बड़ी राशि का लाभ छात्रों को नहीं मिल सका और पूरी प्रयोगशाला भवन खंडहर हो गया।

# मनरेगा, फर्जी मजदूरों को किए गए भुगतान की नहीं हो रही जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

मनरेगा के कार्यों के मजदूरी भुगतान में फर्जीवाड़ा जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम कटबितला में पिछले महीने सामने आया था जिसमें फर्जी मजदूरों को मजदूरी का भुगतान किया गया है। इस मामले में ग्राम पंचायत सरपंच पर सीधा आरोप लगाया गया है। किंतु प्रकरण की जांच जिला पंचायत के द्वारा अब तक शुरु नहीं की गई है। जबकि इस मामले को लेकर जिला पंचायत सदस्य भी मुद्दा उठा चुके हैं।

**खास बातें**

- कटबितला ग्राम पंचायत के सरपंच के उपर लगाया है आरोप
- 65 हजार रुपए के मजदूरी भुगतान का है मामला

कोरबा जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम कटबितला में बिना मजदूरी के ही सरपंच, उसके पति और सास, ससुर के नाम पर भुगतान कर दिया गया है। इसमें कोई संदेह नहीं कि मनरेगा में जिला मुख्यालय में बैठे जिम्मेदार लोगों के सांठगांठ से जनपदों में जमकर घोटाले का खेल खेला जा रहा है लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से मामला बढ़ते जा रहा है। बताया जा रहा है कि 65 हजार 511 रूपए का फर्जी मजदूरी भुगतान उजागर हुआ है। कोरबा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कटबितला की सरपंच श्रीमती अचला कंवर के नाम पर 16 हजार 945 सरपंच पति विजय कुमार कंवर के नाम पर 16 हजार 945 सरपंच के सास श्रीमती जानकी बाई के नाम पर 15 हजार 680 एवं सरपंच के ससुर मनोहर सिंह के नाम पर 15 हजार 941 का फर्जी मजदूरी भुगतान हुआ है। ग्राम पंचायत कटबितला की सरपंच एवं उनके परिवार वालों ने कोई मजदूरी ही नहीं की, फ़रि भी फर्जी मजदूरी भुगतान हुआ है। इसमें कई काम में मजदूरी भुगतान लिए हैं। पंचायत में प्रमुख तौर पर कूप निर्माण, तालाब निर्माण कार्य, भूमि सुधार आदि कार्य हुआ है जिसमें हाजिरी डालकर मजदूरी भुगतान लिया गया है।

### शिकायतों पर नहीं हो रही कार्रवाई

मनरेगा में मजदूरी को लेकर नए नियम बने हुए हैं। जिसमें मजदूरी का भुगतान जॉबकार्ड धारी मजदूरी के बैंक खाते में किया जा रहा है। इसका ही फायदा ग्राम के सरपंच सचिव उठा रहे हैं। मनरेगा के निर्माण कार्यों के मस्टर रोल में काम नहीं करने वालों का भी नाम जोड़कर उनके बैंक खाते नंबर सीधे जिला पंचायत में भेज दिया जा रहा है जिसका भौतिक सत्यापन करना भी मनरेगा के अधिकारी जरुरी नहीं समझते और उक्त खाते में मजदूरी भुगतान की राशि जारी हो जा रही है।

# धर्मांतरण को लेकर विवाद, हिंदू संगठनों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में धर्मांतरण को लेकर लगातार विवाद बढ़ता जा रहा है। बालको थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 47 स्थित रूमगड़ा न्यू शांति नगर बस्ती में शनिवार को धर्मांतरण को लेकर हंगामा देखने को मिला।

**खास बातें**

- धर्मांतरण कराने वालों और हिंदू संगठनों के बीच हुई तीखी नोंकझोंक
- बालको थाना क्षेत्र के रूमगरा न्यू शांतिनगर बस्ती का मामला

जानकारी के अनुसार एक निजी मकान में क्रिश्चियन कमेटी द्वारा धर्मांतरण की प्रक्रिया चलायी जा रही थी। धर्मांतरण की खबर मिलते ही हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन करने लगे।

हिन्दू संगठन के सदस्यों का आरोप है कि सनातन धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कही जा रही थीं और लोगों को पैसे एवं प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। विरोध बढ़ने पर मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई। इसी दौरान धर्मांतरण कराने वाले एक व्यक्ति की हिंदू संगठन के युवाओं ने पिटाई कर दी, जिससे माहौल और गर्मा गया। दोनों पक्षों में लात-घूंसे तक चलने की नौबत आ गई। पुलिस प्रशासन ने कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित किया। वार्ड 47 के पार्षद लक्ष्मण श्रीवास ने बताया कि जब वो जानकारी लेने पहुंचे तब वहां संजय मसीह ने उनके साथ धक्का मुक्की की और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पुलिस ने सभी ईसाई समुदाय के लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया। घटना के बाद क्षेत्र के पार्षद लक्ष्मण महंत ने पुलिस को लिखित शिकायत सौंपी है और धर्मांतरण कराने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



मसीही समाज व हिंदू संगठन के बीच झड़प को रोकती पुलिस।

### मसीही समाज ने किया चक्काजाम




बालकों क्षेत्र में धर्मांतरण के मुद्दे को लेकर उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। हिंदूवादी संगठन के विरोध के कुछ घंटे के बाद मसीह समाज के लोगों ने बालको परसाभाटा में चक्का जाम कर दिया है। मसीह समाज के लोगों ने धर्म के नाम पर गुंडागर्दी करने वाले लोगों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया है। मौके पर पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी भी तैनात थे। दूसरी ओर मसीह समाज के लोग पुलिस प्रशासन के विरोध में भी नारे लगा रहे थे। कुछ घंटे पहले बालकों के न्यू शांतिनगर इलाके में धर्मांतरण को लेकर हिंदू संगठन एवं मसीह समाज के लोग आमने-सामने हुए थे, जहां तनाव की स्थिति के बीच पुलिस ने मसीही समाज के लोगों को घर से सुरक्षित बाहर निकाला था। जिसके बाद मौके पर पहुंचकर मसीह समाज के लोगों ने परसाभांठा चौक पर चक्का जाम कर दिया है।

### पर्यावरण एवं सामाजिक उत्थान समिति

**कोरबा।** पर्यावरण एवं सामाजिक उत्थान समिति के तत्वाधान में शुक्रवार को न्यायालय परिसर के पास यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को रोड सेफ्टी के बारे में जानकारी दी गई। आये दिन हो रहे हैं सड़क हादसे में कैसे कमी हो इस बारे में विस्तार से बताया गया।

MARK OF EXCELLENCE
अनुभवी एक्सपर्ट्स द्वारा मस्तिष्क की जटिल समस्याओं का समाधान




• अल्जाइमर रोग • पार्किंसन्स • शरीर में कम्पन
• माइग्रेन (बार-बार चक्कर आना) • नसों की दिक्कत • मल्टीपल स्क्लेरोसिस (एमएस)
• साईटिका • सिर दर्द • मायस्थेनिया ग्रेविस
• पैरालिसिस लकवा (स्ट्रोक) • स्पाइनल कॉर्ड • मानसिक बीमारी (ब्रेन्फेक्शन)
• मिरगी रोग • माँसपेशियों की कमज़ोरी • मस्तिष्क रक्तस्राव (ब्रेन हैमरेज)
• EEG • EMG • NCV की सुविधा

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### अर्धनग्न कर मारपीट करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** डीजल चोरी की शंका पर कर्मचारियों को अर्धनग्न व हाथ पैर बांधकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। इस घटना में पुलिस ने सिंघल क्रेसर के मुंशी, कर्मचारियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के साथी ही चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस घटना में अन्य आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे है जिनकी तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही है। बता दें कि 6 नवम्बर की देर शाम एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ था जिसमें कुछ लोग बंद कमरे में युवक को हाथ पैर बांधकर अर्धनग्न अवस्था में मारपीट कर रहे है। युवक को जमीन पर लिटाकर जूते से मारा और कुचला जा रहा है। इसके साथ ही एक अन्य कर्मचारी को अर्ध नग्न अवस्था में रखा गया है और मारपीट की जा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया था। वीडियो सामने आने के बाद एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान मार खाने वाले युवकों की पहचान बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम बघिमा निवासी 25 वर्षीय विनोंद सारथी आ. बलदेव सारथी और 30 वर्षीय अरुण शर्मा आ. बाबूलाल शर्मा के रूप में की गई। पुलिस ने जब युवकों से पूछताछ की तो पता चला कि वे सिंघल क्रेसर प्लांट में काम करते है। इस दौरान 4 नवम्बर की सुबह 8 बजे बिनोद सारथी और वरुण शर्मा भिलाईखुर्द सहित सिंगल क्रेसर प्लांट गए हुए थे इसी दौरान सुबह 10-11 बजे के बीच सिंघल क्रेसर के मुंशी संजय प्रधान व उसके साथी डॉक्टर, रविशंकर, जेपी यादव, मोनू दास, रामलाल, दीपक अग्रवाल व अन्य साथियों ने मिलकर उनके पकड़े उतरवाए और चोरी का आरोप लगाकर मारपीट की।

### पिता के साथ हुआ विवाद तो पुत्र की बेदम पिटाई

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम भडारपारा निवासी राकेश यादव आ. लगनधारी यादव गत दिन सुबह गांव के ही राम नारायण बरगाह के घर के समीप खड़ा था। इसी दौरान राम नारायण बरगाह ने राकेश के पिता के साथ पूर्व में हुए विवाद की बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए राकेश की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### पड़ोसी के बहकावे में आकर मायके गई महिला तो पति ने उतारा मौत के घाट

**सीतापुर।** सनकी युवक ने अपनी गर्भवती पत्नी की बेदम पिटाई कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी युवक पत्नी के नाराज होकर मायके जाने से आक्रोशित था। आरोपी ने महिला की तब तक पिटाई की जब तक उसकी मौत नहीं हुई। मारपीट के दौरान महिला लगातार अपने गर्भवती होने की जानकारी देते रही लेकिन आरोपी ने उसकी सुनवाई नहीं की। अब इस मामले में जांच उपरान्त पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम जजगा कठरापारा निवासी 30 वर्षीय राजू दास आ. बन्नू दास घर में किराने की दुकान चलाता है। उसके इस काम मे उसकी पत्नी मन बसिया माझी भी हाथ बंटाया करती थी जिससे उसने प्रेम विवाह किया था। इसके बाद भी नशे का आदी राजू नशे में आकर अपनी पत्नी के साथ मारपीट किया करता था। घटना के दिन राजू दास किसी काम के सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ था। जब वो वापस घर आया तो उसकी पत्नी घर में नहीं थी और घर का दरवाजा भी आगे पीछे से खुला हुआ था। आसपास पता लगाने के बाद पता चला कि पड़ोसी महिला के बहकावे में आकर उसकी पत्नी अपने मायके चली गई है। दरअसल राजू का अपने पड़ोस में रहने वाले पड़ोसी से अनबन हो गया था जिसकी वजह से जब भी राजू कही बाहर जाता पड़ोस की महिला आकर उसकी पत्नी को बहका देती थी। जिसके बाद राजू की पत्नी घर छोड़कर अपने मायके चली जाती थी।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस नेता स्व.नंदकुमार पटेल को दी श्रद्धांजलि

# झीरम देश का सबसे बड़ा नक्सली हमलाः प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस पार्टी ने नन्द कुमार पटेल को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की जवाबदारी दी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान परिवर्तन यात्रा का कार्यक्रम बनाया था। उसी दौरान सुकमा के पास झीरम घाटी में 25 मई 2013 को नक्सली हमले में शहीद हो गए। यह नक्सली हमला देश व प्रदेश का सबसे बड़ा नक्सली हमला था, इस घटना में 31 लोग शहीद हुए।

उक्त बातें पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर द्वारा टीपी नगर में आयोजित स्व.नंदकुमार पटेल की जयंती कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान स्व.नंदकुमार पटेल की तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया गया। तत्पश्चात नंद कुमार पटेल के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थुलाल यादव ने कहा कि किसी परिवार के मुखिया के जाने का दुःख क्या होता है यह महेन्द्र कर्मा, नंद कुमार पटेल, दिनेश पटेल, विद्या चरण शुक्ला, उदय मुदलियार, योगेन्द्र शर्मा सहित घटना में शहीद हुए लोगों के परिवार ही जानते हैं। पूर्व सभापति श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि घटना में शहीद हुए नेतागण छत्तीसगढ़ की पहचान थे जो कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व करते थे और प्रदेश की राजनिति मे उनका दबदबा था पर झीरम घाटी की नक्सली हिंसा में सबकुछ तबाह हो गया नक्सलियों की गोलियां ने उन परिवारों को अनाथ कर दिया, जिनके चेहरे देखकर बच्चे विश्वास के साथ बड़े हो रहे थे। उन शहीदों के सपनों को पूरा करना हम सब का कर्तव्य है। प्रदेश कांग्रेस सचिव बीएन सिंह ने कहा कि नंद कुमार पटेल का जन्म 8 नवम्बर 1953 को नंदेली ग्राम में हुआ था। जिनका बाल्यकाल से ही गांव व गांव वालों की सेवा में रूचि थी। कांग्रेस पार्टी से खरसिया विधानसभा क्षेत्र से लगातार विजय प्राप्त करते रहे और अविभाजित मध्यप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री के पद पर कार्य करते हुए प्रदेश की सेवा में जुटे रहे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश सहगल, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, पार्षद मुकेश राठौर, सुकसागर निर्मलकर, रवि चंदेल, अविनाश प्रेमलता बंजारे, अवधेश लाठिया, अनिल कुमार, सुरेश कुमार अग्रवाल आदि ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जानबुझ कर इन नेताओं की सुरक्षा पर लापरवाही बरती गई। सात वर्ष पूर्व माओवादियों ने देश के सबसे बडे. नरसंहार को अंजाम दिया था, उसके निशान आज भी झीरम घाटी पर मौजूद है। झीरम घाटी से लगे दरभा गांव के लोग तथा कांग्रेस परिवार के लोग घटना को याद करके आज भी सिहर उठते हैं। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन धारण कर नंद कुमार पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हे याद किया गया।



स्व .नंदकुमार पटेल की जयंती कार्यक्रम में शामिल कांगेसी।

# लोकतंत्र की सशक्त नींव है सक्रिय मतदाता : हर्षिता




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार द्वारा देशभर में निर्वाचन मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा जिला के कार्यकर्ताओं को इस जनहितकारी प्रक्रिया से जोड़ने और इसके तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री श्रीमती हर्षिता पांडेय एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती हर्षिता पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पारदर्शी, सशक्त और सहभागी लोकतंत्र की दिशा में कार्य कर रही है। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरित होकर लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने में अपना योगदान दे रहा है। मतदाता सूची पुनरीक्षण केवल तकनीकी कार्य नहीं, बल्कि यह राष्ट्रनिर्माण की दिशा में हर नागरिक को जोड़ने का अभियान है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष मंजू सिंह, रुकमणी नायर, अर्जुन गुप्ता, योगेश मिश्रा, डिलेन्द्र यादव, परविंदर सिंह, रामशंकर साहू, राहुल नवनीत शुक्ला, उत्तम जायसवाल, सूरज पांडेय, प्रदीप सिंह, प्रमीला सागर आदि उपस्थित थे।

# जिले की मतदाता सूची में 22 वर्ष में बढ़े पौने 4 लाख मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अधिकृत जानकारी देते हुए बताया गया है कि एसआईआर जिले में 4 नवंबर से शुरू किया गया है, जो 4 दिसंबर तक चलेगा। इस अवधि में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने मतदान केन्द्र में मौजूद सभी मतदाताओं तक पहुंचेंगे। वे घर-घर जाकर गणना पत्रक देंगे। पत्रक को भरने की प्रक्रिया से अवगत कराएंगे। निर्धारित अवधि में वोटर गणना पत्रक को भरकर बीएलओ को वापस करेंगे। पत्रक के साथ आयोग की ओर से मांगे गए दस्तावेज देंगे। बीएलओ भरा हुआ गणना पत्रक और दस्तावेज को बीएलओ एप पर अपलोड करेंगे।

जिले की मतदाता सूची को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। आंकड़ों को खंगालने से स्पष्ट हुआ है कि वर्ष 2003 में जब आयोग की ओर से छत्तीसगढ़ में पहली बार एसआईआर किया गया था, उस समय कोरबा जिले में विधानसभा की तीन सीटें थीं। इसमें रामपुर, कटघोरा और पाली-तानाखार थीं। 2003 की एसआईआर में विधानसभा की तीनों सीट पर तीन लाख 60 हजार 743 मतदाता थे। इसमें सबसे अधिक दो लाख 76 हजार 074 कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में थे।पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 65 हजार 839 मतदाता के नाम आयोग की सूची में शामिल किए गए थे। 2003 में सबसे कम वोटर रामपुर विधानसभा क्षेत्र में थे। विधानसभा सीट रामपुर की मतदाता सूची में एक लाख 48 हजार 622 वोटर के नाम शामिल थे। वर्ष 2003 से 2025 तक यानी 22 साल की अवधि में कोरबा जिले में वोटरों की संया काफी तेजी से बढ़ी है।

# स्काउट्स, गाइड्स ने आम नागरिकों को लगाया फ्लैग स्टीकर



स्थापना दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं स्काउट्स गाइड्स।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का 75वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स की टीम ने गणमान्य लोगों को फ्लैग स्टीकर लगाया तथा फंडरेजिंग की गई। प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस पर फ्लैग स्टीकर जारी किया जाता है। स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स के दो दलों ने शासकीय कार्यालयों, बैंक में अधिकारियों, कर्मचारियों को फ्लैग स्टीकर लगाते हुए फंडरेज किया गया। रेज किए गए फंड का अंशदान जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय मुख्यालय तक पहुंचता है और इसका स्काउटिंग के वेलफेयर में उपयोग किया जाता है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर टीआर भारद्वाज, जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर उपाध्याय, जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नागरिकों को फ्लैग स्टीकर लगाया गया। एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स से संवाद किया और उनके सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए प्रोत्साहित किया। दल का नेतृत्व डीओसी (गाइड) उत्तरा मानिकपुरी ने किया। दल में रोवर लीडर द्वय राजीव साहू, जगन्नाथ सिंह, गाइड केप्टिन अंकिता सामल, सीनियर रोवर चेतन, मिनेश, निलेश, राकेश, खिलेश्वर, सीनियर रेंजर पलक पटेल, रेंजर मनिषा, प्रियंका, मौली, सानिया, सरस्वती, कोमल, अदिति, असिका, अंजली, भूमिका, दिशा, भूमिका खुटे, प्रज्ञा, वर्षा, दामिनी उपस्थित थे।

### स्काउटिंग युवाओं के भीतर राष्ट्रवाद की भावना को कर रही जागृत : महापौर



7 नवम्बर को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का 75वां स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। जिला स्तरीय समारोह महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत के मुख्य आतिथ्य में दिव्य ज्योति संस्थान में हुआ। महापौर ने कहा कि स्काउटिंग युवाओं के भीतर राष्ट्रवाद, अनुशासन और सेवा भावना को जागृत करने का एक सशक्त माध्यम है। सभी ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन कर राष्ट्रप्रेम, एकता और स्वाभिमान के संदेश को पुनः जीवंत किया है। समारोह की अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला भाजपा की उपाध्यक्ष एवं बालिका गृह की संचालिका श्रीमती रुक्मणी नायर उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के तौर पर दिव्य ज्योति संस्थान की प्राचार्य रिता क्षेत्रपाल, रोटरी क्लब ऑफ कोरबा के अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, जिला आयुक्त (गाइड) व प्राचार्य डा. फरहाना अली, जिला आयुक्त (रोवर) व प्राचार्य डा. संजय गुप्ता, वरिष्ठ स्काउटर एसआर सोनंत, प्राचार्य बीएस पैकरा, पारस जैन, वीणा मिस्त्री, श्रीमती प्रतिमा मंचासीन रहीं। विशिष्ट अतिथियों ने भी अपना संबोधन दिया।

# गढ़ कलेवा में शौचालय तक पहुंचने में बाधा बन रहा खंडहर भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



कटघोरा स्थित गढ़कलेवा।

नगर का प्रसिद्ध गढ़कलेवा जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग पारंपरिक स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेने पहुंचते हैं, वहां स्वच्छता व्यवस्था के लिए बनाए गए शौचालय तक पहुंचने में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पिछले चार वर्षों से संचालित हो रहा गढ़ कलेवा, नगर का प्रमुख सामाजिक स्थल बन चुका है। इसका संचालन श्रेया महिला स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। यहां स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग आते हैं। लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा डीएमएफ फंड (जिला खनिज निधि) से शौचालय का निर्माण कराया गया है, किंतु यह शौचालय वर्तमान में उपयोग में नहीं आ पा रहा है। कारण यह है कि गढ़ कलेवा और शौचालय के बीच लगभग 60 से 70 फीट की दूरी पर एक पुराना खंडहर भवन स्थित है, जो रास्ते में पूरी तरह से अवरोधक बन गया है। आगंतुकों का कहना है कि खंडहर भवन के कारण शौचालय तक पहुंचना मुश्किल और असुरक्षित है। विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई लोग मजबूरीवश शौचालय का उपयोग ही नहीं कर पा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि खंडहर भवन के बीच से सुरक्षित मार्ग निर्माण कराया जाए, ताकि लोग शौचालय तक आसानी से पहुंच सकें। नागरिकों का कहना है कि जब प्रशासन ने जनसुविधा के लिए शौचालय बनवाया है, तो उसके उपयोग के लिए उचित रास्ता उपलब्ध कराना आवश्यक है। गढ़ कलेवा नगर का गौरव है और यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक व पर्यटक पहुंचते हैं। लोगों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन शीघ्र ही इस समस्या पर ध्यान देगा और मार्ग निर्माण की पहल करेगा, ताकि गढ़ कलेवा आने वाले आगंतुकों को स्वच्छता से जुड़ी कोई असुविधा न हो।

# जिले में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला प्रशासन ने पारदर्शिता और सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक धान उपार्जन केंद्र पर जिम्मेदार अधिकारियों की नियुक्ति की है। कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के अति संवेदनशील एवं संवेदनशील धान उपार्जन केंद्रों के लिए प्रभारी अधिकारियों को नामांकित किया है ताकि खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। धान उपार्जन कार्य 15 नवंबर से जिले की सहकारी समितियों के माध्यम से आरंभ होगा। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि खरीदी अवधि के दौरान अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करें और किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। अति संवेदनशील धान उपार्जन केंद्र एवं प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

कलेक्टर श्री वसंत ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे केंद्रों पर धान की तौल, परिवहन, भंडारण और भुगतान से संबंधित प्रक्रिया की निरंतर निगरानी करें। किसी भी प्रकार की अनियमितता, दलाली या किसानों से वसूली जैसी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए प्रशासनिक अधिकारी लगातार मैदानी निरीक्षण करेंगे ताकि धान खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित हो सके।

### खास बात

- संवेदनशील केन्द्रों पर निगरानी रखने प्रबारी अधिकारियों की हुई नियुक्ति

### ये अधिकारी हुए नियुक्त

उतरदा में तहसीलदार हरदीबाजार अभिजीत राजभानू, कुल्हरिया में तहसीलदार पसान विरेन्द्र कुमार, अखरापाली में तहसीलदार दीपका अमित केरकेट्टा, भिलाईबाजार में नायब तहसीलदार दीपका बंदेराम भगत, कटघोरा में तहसीलदार सूर्यप्रकाश केशकर, सुमेधा में तहसीलदार दर्री प्रियंका चंद्रा, करतला में नायब तहसीलदार देवेन्द्र कुमार, तुमान में राजस्व निरीक्षक बरपाली केशर चौहान, बरपाली (बरपाली) में तहसीलदार सत्यपाल प्रताप राय, उमरेली में राजस्व निरीक्षक कोथारी पुरुषोत्तम धाकड़े, सोहागपुर में नायब तहसीलदार बरपाली जानकी काठले,दादरखुर्द में नायब तहसीलदार कोरबा सविता सिदार, सोनपुरी में नायब तहसीलदार कोरबा दीपक पटेल, बरपाली (कोरबा) में नायब तहसीलदार भैंसमा मधुसुदन, तिलकेजा में तहसीलदार भैंसमा के.के. लहरे, भैंसमा में राजस्व निरीक्षक करूणा मैत्री, नोनबिर्रा में राजस्व निरीक्षक हरदीबाजार नारायण बागरी, हरदीबाजार में राजस्व निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी,कोरबी (पोंड़ी-उपरोड़ा) में राजस्व निरीक्षक रंजीत भगत, मोरगा में राजस्व निरीक्षक मनीष जायसवाल एवं सिरमिना में राजस्व निरीक्षक सुमनदास मानिकपुरी नियुक्त किया गया है।

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS, BILASPUR (C.G.)
LCIT SCHOOL OF PHARMACY II LCIT COLLEGE OF PHARMACY
lcitsop.edu.in Near High Court Raipur Road, Bilaspur, Chhattisgarh lcitcop.edu.in
FOR ENQUIRY
APPROVED BY
National Digital Library of India
Choose The Best
CHOOSE LCIT




ADMISSION OPEN 2025-26
PHARMACY
D. Pharmacy
B. Pharmacy
M. Pharmacy
Pharmaceutics
9340512388

"Golden opportunity for 12th pass (PCM/PCB) students: Admissions open for Diploma in Pharmacy"

2nd Phase Pharmacy College Level Online Counselling Schedule

| Course | Phase | Registration | Allotment | Admission |
|---|---|---|---|---|
| B.Pharmacy, B.Pharmacy (Lateral), D.Pharmacy, M.Pharmacy | Phase-II | 07/11/2025 to 10/11/2025 | 15/11/2025 | 16/11/2025 to 19/11/2025 |
| | College Level Counseling | 21/11/2025 to 25/11/2025 | - | 01/12/2025 to 05/12/2025 |

Details of Management Quota Seats for 2025-26

| Course | No. of Management Quota Seats Available |
|---|---|
| D.Pharmacy | 09 Seats |
| B.Pharmacy | 15 Seats |
| M.Pharmacy | 01 Seat |

Best Placements in the Region
From Campus to Corporate, your journey starts here.
- 60% Overall Placement Rate
- 100% Student Satisfaction
- Library with e-journals & Digital Resources
- Placement Cell for Job Opportunities
- MOU's with Pharma Companies
- Well-equipped Laboratories

8 GLORIOUS YEARS OF EXCELLENCE

Placement Stars of the Year

Shivaji Rao Bhonsle, Company Name:- GoApply Wellness Pvt. Ltd., B. Pharmacy
Khushboo Agrawal, Company Name:- Pratham Hospital, Bilaspur, B. Pharmacy
Saket Ruben Chand, Company Name:- Macleods Pharmaceuticals Ltd, B. Pharmacy
Khushi Gupta, Company Name:- SGS Technologies/Intellipoat, B. Pharmacy
Neeraj Soni, Company Name:- Apollo Pharmacy, B. Pharmacy
Tomesh Shrivas, Company Name:- Cadila Pvt. Ltd., B. Pharmacy
Nikhil Vaishnav, Company Name:- GoApply Wellness Pvt. Ltd., B. Pharmacy
Sandhya Kumari, Company Name:- Pratham Hospital, Bilaspur, B. Pharmacy
Bharti Shrivas, Company Name:- Macleods Pharmaceuticals Ltd, B. Pharmacy
Kishan Barekar, Company Name:- Mark Hospital, Bilaspur, B. Pharmacy
Avinash Pal, Company Name:- GoApply Wellness Pvt. Ltd., B. Pharmacy
Ritik Rajak, Company Name:- Biogen Serums Pvt. Ltd., B. Pharmacy
Aakash Kaushik, Company Name:- GoApply Wellness Pvt. Ltd., B. Pharmacy
Prakhar Pandey, Company Name:- Pratham Hospital, Bilaspur, B. Pharmacy
Hitendra Patel, Company Name:- Macleods Pharmaceuticals Ltd, B. Pharmacy
Ritika Thakur, Company Name:- AIDER Healthcare Pvt. Ltd., B. Pharmacy
Bhavan Singh, Company Name:- Collabera Technologies Pvt. Ltd., B. Pharmacy
Niranjan Bhagat, Company Name:- Zydus Healthcare Ltd., B. Pharmacy

Trusted Partnerships with:
Fitwel Pharmaceuticals Pvt. Ltd. Ahmedabad Gujarat II GOA- Center for Excellence in Intellectual Property, Panaji, Goa
Pratham Hospital, Bilaspur II Mark Hospital Bilaspur II IMAEC Medntec Ltd. Pune II Life Care Hospital, Bilaspur
Shri Govind Institute of Life Care Hospital, Bilaspur.

Admission Enquiry +91 9340512388, +91 7440217555

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गान किया गया

**कोरबा।** बीकन स्कूल एसईसीएल के शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं के द्वारा वंदे मातरम गीत का गायन किया गया। साथ ही वीर गाथा 5.0 के अंतर्गत विभिन्न कक्षा में निबंध, चित्रकला तथा कक्षा 3 से 10 तक आयोजन किया गया। नाटक मंचन झांसी की रानी पर कक्षा दसवीं, ग्यारहवीं और 12वीं के छात्राओं द्वारा प्रस्तुति की गई। इसके अंतर्गत निबंध में प्रथम स्थान तसनीम कौशल कविता में प्रथम स्थान श्रुति हंसराज पेंटिंग तथा चित्रकला में महिमा भारद्वाज को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य मनोज कुमार गॉटलिब, कल्पना मिश्रा, घनश्याम पटेल, देवेन्द्र पांडे, परमिता बारीक, मंजूषा बारीक, एस के नाडिग, डी सिंग,रश्मि,एम जे चौहान, सलोनी, अपराजिता, शांतनु, रिया, बीना, ममता, अनामिका, वेद प्रकाश, मंजू पटेल, नरोत्तम, पुतुल, मिथु चटर्जी, लखन, संतोषी, अरुणा उपस्थित थे।

### मतदाता सूची के संबंध में दावा आपत्ति कल

**कोरबा।** सहकार्य बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति मर्यादित के मतदाता सूची का प्रकाशन 3 नवंबर को किया गया। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहकार्य बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति मर्यादित पंजीयन क्रमांक 345 से प्राप्त जानकारी अनुसार जारी मतदाता सूची के सम्बंध में सदस्यों से दावा आपत्ति 10 नवंबर तक मंगाया गया है। किसी सदस्य को आपत्ति होने पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा आपत्ति ब्रजेन्द्र धर शर्मा प्रबंधक/सदस्य को कार्यालयीन समय पर समिति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। सूची पर प्रस्तुत आपत्तियों का निराकरण समिति कार्यालय में 11 नवम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। साथ ही उपान्तरित सूची को अंतिम मतदाता सूची के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

### पीएमएनएम का आयोजन आईटीआई में कल

**कोरबा।** अप्रेंटिसशिप योजनान्तर्गत प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएम) का आयोजन 10 नवंबर को आईटीआई में किया जा रहा है। आईटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योगों/ प्रतिष्ठानों एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षाणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन एवं नियोजन किया जायेगा। अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योग/प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि एवं आईटीआई उत्तीण प्रशिक्षणार्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में 10 नवंबर को प्रातः 9 बजे उपस्थित होकर पंजीयन एवं नियोजन की कार्यवाही कर सकते हैं।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण 31 दिसंबर तक

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा भारतीय अग्निवीर थल सेना भर्ती 2025 के लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण /चयनित अभ्यार्थियों के शारीरिक मापदण्ड परीक्षा हेतु 3 नवंबर से 31 दिसंबर तक सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण निःशुल्क होगा। प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी रोजगार कार्यालय कोरबा से संपर्क कर सकते हैं।

## एमआईसी सदस्य, पार्षद एवं जनप्रतिनिधि रहे शामिल

# निगम में वंदे मातरम कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम में वंदे मातरम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आधारित कार्यक्रम का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए शुभारंभ के लाईव प्रसारण में शामिल होते हुए सभापति नूतन सिंह ठाकुर, एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल सहित निगम के मेयर इन काउंसिल के सदस्यों, पार्षदों व अधिकारी कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन सुना, साथ ही इस मौके पर समस्त उपस्थितजनों के द्वारा वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया।

वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आधारित कार्यक्रम का शुभारंभ राजधानी नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किया गया, जिसका लाईव प्रसारण हुआ। नगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन में वंदे मातरम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल सहित निगम के एमआईसीसदस्यों, पार्षदों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारी कर्मचारियों ने लाईव प्रसारण कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए गरिमापूर्ण उद्बोधन का श्रवण किया। इस मौके पर निगम में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित समस्तजनों के द्वारा वंदे मातरम का सामूहिक गायन भी किया गया। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दी बधाई-प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर आधारित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के इस महान अवसर की देशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी, उन्होने अपने गरिमापूर्ण उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक संकल्प है। वंदे मातरम का एक-एक शब्द मॉ भारती की साधना है, मॉ भारती का आराधना है। उन्होने कहा कि वंदे मातरम हमारे वर्तमान को आत्मविश्वास से भर देता है।



वंदे मातरम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

### बांकीमोंगरा पालिका परिषद में वंदे मातरम राष्ट्रीय संकल्प का आयोजन



राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद में वंदे मातरम् राष्ट्रीय संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रगौरव और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को जन-जन तक पहुँचाने के लिए किया गया। वंदे मातरम् गीत, जिसे बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 7 नवंबर 1875 को रचा था, भारत के स्वतंत्रता संग्राम में लाखों लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत रहा है। इसी ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने के लिए, पूरे देश के साथ-साथ बांकीमोंगरा में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर बांकीमोंगरा पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा, पालिका अधिकारी श्रीमती ज्योत्सना टोप्पो सहित अधिकारियों व कर्मचारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने एक साथ राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। सामूहिक गायन के बाद सभी उपस्थित लोगों ने स्वदेशी संकल्प पत्र को दोहराया।




# हॉकी के सौ साल पूरे होने पर बालको के सभी स्कूल में खेला गया हॉकी मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष में बाल्को के सभी स्कूल में जिला हॉकी संग द्वार मनाया गया। इस अवसर पर जिले में सद्भावना मैच रखा गया जिसमें स्कूल के लगभाग 9सौ छात्र छात्रों ने भाग लिया जिसमें मिनी माता बालको, शासकीय कन्या शाला, बालको आदर्श बल मंदिर, बाल सदन, स्वामी आत्मानंद बालको आदि शामिल थे। कार्यक्रम का मुख्यउद्देश्य युवाओं में खेल भावना का विकास करना और भारतीय हॉकी के इतिहास से उन्हें परीक्षित करना था ताकि भविष्य में इस खेल को और अधिक प्रोत्साहन मिले। इस दौरान जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष राजेंद्र जैसवाल जिला हॉकी संघ के सचिव तारिक कुरैशी जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल, रामकृपाल साहू, केआर टंडन, गोपाल दास महंत, प्रताप महंत, तनिष राठौर, तनीष महिलांगे, रितेश टंडन आदि उपस्थित थे। इसके बाद मिनी माता टाइगर्स, बाल सदन वॉरियर्स, बालको किंग, सीसीएल बालको के बीच सद्भावना मैच खेला गया।

# परिक्षेत्र स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालय की टीमों ने भाग लिया प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेंद्र सिंह और महाविद्यालय के क्रीड़ा समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्सवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है बल्कि आत्मविश्वास और निष्पक्ष खेल भावना के साथ खेलने का संदेश देता है। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खेल के प्रति अपनी लगन और टीम भावना का परिचय दिया। फाइनल मुकाबला शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय वर्सेस शासकीय ईवीपीजी महाविद्यालय के बीच खेला गया जिसमें दोनों ही टीमों ने एक-एक सेट जीतकर मैच को रोमांचक कर एक दूसरे को भारी टक्कर दी अंतिम सेट में 15-11 के अंतर से शासकीय ई वी पीजी महाविद्यालय विजयी रही दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।


खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

# छत्तीसगढ़ महतारी के अपमान पर जेसीपी और सीकेएस का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ की अस्मिता, संस्कृति और मातृभावना का अपमान करने वालों के खिलाफ जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने विरोध दर्ज कराते हुए दीपका थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। दोनों संगठनों ने सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले दोषियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

**खास बात**

- दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की रखी मांग

रायगढ़ निवासी आशीष अग्रवाल उर्फ जिमी अग्रवाल, दीपक लालवानी, विनोद पांडा और राजेश उदासी के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा गया है। जिन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर छत्तीसगढ़ महतारी और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के पदाधिकारियों के प्रति अभद्र, आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणियाँ की हैं। इन विद्वेषपूर्ण बयानों से न केवल प्रदेश के 3 करोड़ छत्तीसगढ़ियों की भावनाएं आहत हुई हैं, बल्कि प्रदेश की सामाजिक सौहार्द्रता और शांति को भी गंभीर ठेस पहुंची है। संगठनों ने इसे प्रदेश के माहौल को खराब करने की साजिश करार दिया है। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष जैनेंद्र कुर्रे, दीपका खंड महासचिव महावीर यादव और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष सुरजीत सोनी ने संयुक्त रूप से अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा कुछ असामाजिक तत्व जानबूझकर छत्तीसगढ़ प्रदेश के माहौल को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं ऐसे लोगों के खिलाफ हम संविधान और कानून के दायरे में रहकर सख्त और निर्णायक कार्रवाई की मांग करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आशीष अग्रवाल, दीपक लालवानी, विनोद पांडा और राजेश उदासी जैसे लोग छत्तीसगढ़ के सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने का दुस्साहस कर रहे हैं इनके शब्द किसी व्यक्ति पर नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ समाज की गरिमा और छत्तीसगढ़ महतारी की मर्यादा पर सीधा प्रहार हैं। हम प्रशासन से मांग करते हैं कि इन पर तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए उदाहरण स्वरूप दंडित करे, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति छत्तीसगढ़ियों की अस्मिता के साथ खिलवाड़ न कर सके।


थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते क्रांति सेना के पदाधिकारी।

# रजत जयंती पर लागू हो पुरानी पेंशन और संविदा कर्मियों का नियमतीकरणः चेट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल कंपनी की 15 नवंबर को 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती) पर विद्युत कर्मियों को पुरानी पेंशन बहाली एवं लाइन संविदा कर्मचारियों को नियमितीकरण की घोषणा किए जाने की मांग छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 1 ने की है। फेडरेशन के महासचिव आर सी चेट्टी ने पत्राचार कर कंपनी के अध्यक्ष सुबोध सिंह और डॉ.रोहित यादव से अनुरोध किया है कि 15 नवंबर को कंपनी के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने की उपलब्धि पर विद्युत कर्मियों की बहुप्रतीक्षित एवं लंबित मांग पुरानी पेंशन बहाली एवं लाइन संविदा कर्मियों के नियमितीकरण की घोषणा की जाए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल कंपनी ने देश में अग्रणी विद्युत कंपनी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। इन 25 वर्षों में कंपनी द्वारा कर्मचारियों के हित में अनेक कल्याणकारी निर्णय लेकर कर्मचारियों को सदैव प्रोत्साहित किया गया है। विद्युत कर्मियों को पुरानी पेंशन बहाली एवं लाइन संविदा कर्मियों को नियमितीकरण करने की मांग सभी श्रमिक संगठनों द्वारा विगत कई वर्षों से की जा रही है। प्रबंधन द्वारा संगठनों को द्विपक्षीय वार्ता में उक्त विषयों पर शीघ्र निर्णय लेने आश्वस्त किया जा रहा है, लेकिन शासन द्वारा पुरानी पेंशन बहाली पर सैद्धांतिक सहमति के बावजूद कंपनी प्रबंधन द्वारा पुरानी पेंशन बहाली और लाइन परिचारक के 4 हजार पदों की रिक्तता के बाद भी लाइन संविदा कर्मियों के नियमितीकरण पर निर्णय नहीं लिए जाने से कर्मचारी हतोत्साहित हैं और उनमें असंतोष है। फेडरेशन 1 ने मांग की है कि कंपनी के रजत जयंती के अवसर पर कंपनी में 1 जनवरी 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन की बहाली और लाइन संविदा कर्मियों के नियमितीकरण की घोषणा कंपनी प्रबंधन द्वारा की जाए।

**खास बात**

- छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन ने रखी मांग



# विद्यालयों के संसाधनों में सुधार की आवश्यकता : बिजमोती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत कोरबा की अध्यक्ष श्रीमती बिजमोती अभिमन्यु राठिया ने शुक्रवार को ग्राम चिर्रा स्थित शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सहित ग्राम लबेद की प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी संस्थाओं में प्राचार्य एवं शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित पाए गए, जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।

जनपद अध्यक्ष श्रीमती राठिया ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से विद्यालय में समय पर उपस्थिति दर्ज करें तथा विद्यार्थियों को भी प्रतिदिन समय पर विद्यालय आने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की नियमितता से ही बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार संभव है। निरीक्षण के दौरान चिर्रा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यालय की प्रमुख समस्याओं से जनपद अध्यक्ष को अवगत कराया। विद्यालय में बच्चों के बैठने हेतु पर्याप्त बेंच-टेबल्स की कमी, परिसर में अहाता निर्माण की आवश्यकता, सांस्कृतिक मंच की अनुपलब्धता, सायकल स्टैंड की जरूरत, कर्मचारियों के रहने हेतु भवन निर्माण की मांग तथा लैब भवन व हायर सेकेंडरी भवन की आवश्यकता जैसी महत्वपूर्ण समस्याएं रखी गईं। श्रीमती राठिया ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा के लिए बुनियादी सुविधाएं आवश्यक हैं। उन्होंने संबंधित विभाग को प्रस्ताव भेजकर आवश्यक संसाधनों की पूर्ति के लिए कार्यवाही सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण तैयार करना है ताकि विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिलें और वे शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। निरीक्षण के दौरान जनपद सदस्यों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की और विद्यालयों के उन्नयन हेतु सहयोग का आश्वासन दिया।



# स्कूल के छात्रों की सोच बदल रहा है समाचार पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के स्कूलों में अब एक नई सुबह की शुरुआत होती है- हाथों में किताबों के साथ-साथ अखबार भी।

**खास बात**

- हाई और हायर सेकंडरी स्कूलो में लगा अखबार स्टैंड

यह बदलाव आया है जिला प्रशासन की पहल से, जिन्होंने विद्यार्थियों को समसामयिक घटनाओं से जोड़ने और करियर निर्माण में सहयोग देने के उद्देश्य से एक अभिनव कदम उठाया है। उन्होंने डीएमएफ फंड से सभी हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों में न्यूज़ पेपर स्टैंड लगवाया है।

पहले स्कूलों में बच्चे केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित रहते थे। लेकिन अब जब वे स्कूल के गेट से भीतर प्रवेश करते हैं, तो सबसे पहले न्यूज़ पेपर स्टैंड में सजे अखबारों पर उनकी नज़र जाती है। देश-दुनिया, राज्य और अपने जिले की खबरें पढ़ते हुए उनमें एक नई जिज्ञासा, नई दृष्टि और आत्मविश्वास का संचार होता है। पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम लेंगी के हाई स्कूल की छात्रा समीना कहती है कि अब हमें सिर्फ किताबों से ही नहीं, बल्कि अखबार से भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। देश-विदेश की खबरें पढ़कर समझ आता है कि बाहर की दुनिया कितनी बड़ी है और हम उसमें क्या बन सकते हैं। समीना की सहपाठी सोनी मार्को और कल्याणी भी हर सुबह स्टैंड पर लगे अखबार को पढ़ती हैं। वे बताती हैं कि इससे उन्हें परीक्षा की तैयारी में मदद मिलती है और उनका सामान्य ज्ञान भी बढ़ता है। वहीं, कोरबा ब्लॉक के ग्राम अजगरबहार के हायर सेकंडरी स्कूल में 12वीं की छात्रा आरती, ममता, सुनीता और लक्ष्मनिया बताती हैं कि हम कॉलेज की पढ़ाई करना चाहती हैं। अखबार पढ़कर हमें पता चलता है कि आगे कौन-कौन से कोर्स हैं, कौन-से कॉलेज अच्छे हैं और देश में क्या नई योजनाएं चल रही हैं। यह हमारे लिए बहुत उपयोगी है। इस छोटे से प्रयास ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के विद्यार्थियों में जागरूकता, आत्मविश्वास और भविष्य की सोच को जगाया है। अब सुबह की घंटी सिर्फ स्कूल शुरू होने का संकेत नहीं देती वह यह भी बताती है कि ज्ञान का नया द्वार खुल चुका है। जिला प्रशासन की यह पहल कोरबा जिले के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ विचार और दृष्टिकोण की समृद्धि भी दे रही है। यह कहानी बताती है कि अगर अवसर और संसाधन सही दिशा में लगाए जाएं, तो हर बच्चे में समाज को बदलने की ताकत होती है। यह केवल अखबार पढ़ने की पहल नहीं है।

# साडा कन्या विद्यालय में रासेयो इकाई के द्वारा किया गया उन्मुखीकरण कार्यक्रम



कार्यक्रम में शामिल अतिथि एवं छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

साडा कन्या विद्यालय के रासेयो इकाई के द्वारा उन्मुखीकरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि डॉ. वायके तिवारी, जिला संगठक, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला के मुख्य अतिथि तथा विद्यालय के प्राचार्य रणधीर सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। अपने उद्बोधन में श्री तिवारी ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्राओं को नियमित गतिविधियां जैसे स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जागरूकता संदेश, रैली, नुक्कड़ नाटक, महापुरुषों की जयंती तथा पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित करना, योग आदि कार्यक्रमों में भाग लेकर प्रतिवर्ष कम से कम 120 घंटे कार्य करना चाहिए। छात्र जीवन से ही सेवाकार्य से जुड़कर मानव से महामानव बन सकते हैं। अपने देश के प्रति प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी होती है। हमें कर्त्तव्यशील नागरिक बनना चाहिए और इसकी शुरुआत विद्यार्थी जीवन से ही होती है। इस अवसर पर महाविद्यालय छात्रा एवं स्वयं सेविका रिचा स्वर्णकार जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश में आयोजित पर्वतारोहण कार्यक्रम में जिले का प्रतिनिधित्व किया, उन्होंने कार्यक्रम में छात्राओं को अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सविता पाठक ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय की वरिष्ठ व्याख्याता सुषमा द्विवेदी, प्रेमलता साहू एवं गरिमा थवाईत उपस्थित रहें।

# 5 माह से नहीं हुई निगम की सामान्य सभा की बैठक



नगर निगम में पिछले पांच माह से सामान्य सभा की बैठक नहीं होने पर विपक्ष ने नाराजगी जताई है। निगम के नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड क्रमांक 44 के पार्षद कृपाराम साहू ने इसे लेकर कलेक्टर और निगम सभापति को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र सामान्य सभा आयोजित करने की मांग की है।

कृपाराम साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम के तहत हर दो माह में एक बार सामान्य सभा का आयोजन अनिवार्य है, लेकिन अंतिम बैठक 2 मई 2025 को हुई थी। इसके बाद से अब तक कोई बैठक नहीं बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति महापौर की उदासीनता और प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सामान्य सभा शहर के विकास कार्यों, बजट समीक्षा और नागरिक समस्याओं पर चर्चा का प्रमुख मंच होती है। लंबे समय से बैठक न होने से न केवल पार्षदों के अधिकारों का हनन हो रहा है, बल्कि इससे नगर के विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। श्री साहू ने कलेक्टर से मांग की है कि नगर निगम को निर्देश जारी करते हुए नियमानुसार शीघ्र सामान्य सभा की बैठक आयोजित कराई जाए, ताकि विकास से जुड़े मुद्दों पर समुचित चर्चा हो सके।

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## खबर संक्षेप



### सब-जूनियर वर्ग जू-जित्सु राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी हुए रवाना

**कोरबा।** जू-जित्सु राज्य स्तरीय सब-जूनियर वर्ग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए जिले के लेवल अप मिक्स्ड मार्शल आर्ट अकादमी के 18 प्रतिभाशाली खिलाड़ी शनिवार को शिवनाथ एक्सप्रेस से राजनांदगांव के लिए रवाना हुए। प्रतियोगिता 9 नवम्बर को अज़ीज़ पब्लिक स्कूल राजनंदगांव में आयोजित की गई है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जो भी खिलाड़ी विजेता होगा उसे आगामी राष्ट्रीय जू-जित्सु चैंपियनशिप जो कि आईजीआई स्पोर्ट्स स्टेडियम, हल्द्वानी (नैनीताल, उत्तराखंड) में आयोजित होगी, उसमें छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। भाग लेने वाले खिलाड़ियों में विधि विजयवर्गीय, वी. संभवि, मिया अलापट्ट, जस्मीत कौर, हृदया मंडल, मेधा सोनी, आर्या सेठी, आराध्य सोनी, रुद्र शर्मा, प्रणव निर्मलकर, युवराज गोगोई, वीरभद्र प्रकाश पैकरा, अर्नव यादव, दीपेन्द्र चन्द्रा, अद्वितीय यादव, अगस्त्य शर्मा, अवनि शर्मा और नेवान आर. पिल्लै शामिल हैं। अध्यक्ष एवं हेड कोच एनआईएस प्रेमराज बंजारे एवं टीम मैनेजर स्नेहा बंजारे के साथ रवाना किया गया।

### कथक नर्तकी योद्धा नृत्य रत्न अवार्ड से हुई सम्मानित

**बालको।** विगत दिनों 29 से 31 अक्टूबर तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता एवं फेस्टिवल महोत्सव कृष्णा की नर्तन फाउंडेशन द्वारा गांधी सभा गृह म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड राजनांदगांव में आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में डीपीएस बाल्को की कक्षा चौथी की छात्रा योद्धा पर्वतम ने फेस्टिवल परफॉर्मेंस में अति विशिष्ट कथक नृत्य की प्रस्तुति देकर कृष्णा की नृत्य रत्न सम्मान प्राप्त कर के कोरबा एवं बाल्को नगर को गौरवान्वित किया है। योद्धा पर्वतम मोरध्वज वैष्णव की शिष्या है। इसके पूर्व में भी योद्धा ने आबुधाबी दुबई, रायपुर, बिलासपुर, भिलाई और देश की सांस्कृतिक राजधानी पुणे में पुरस्कृत प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। योद्धा भारत एल्यूमिनियम कंपनी में कार्यरत पि सतीश कुमार की सुपुत्री हैं।

### राष्ट्रगीत वंदे मातरम का किया गया सामूहिक गान



**कोरबा।** राष्ट्रीय चेतना, देश प्रेम स्वतंत्रता और मातृभूमि के प्रति अपार श्रद्धा का प्रतीक राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर बीकन विद्यालय एसईसीएल के शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं के द्वारा वंदे मातरम गीत का गायन किया गया। साथ ही वीर गाथा 5.0 के अंतर्गत विभिन्न कक्षा में निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, कक्षा 3 से 10 तक आयोजन किया गया। नाटक मंचन झांसी की रानी पर कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्राओं द्वारा प्रस्तुति की गई। इसके अंतर्गत निबंध में प्रथम स्थान तसनीम कौशल कविता में प्रथम स्थान श्रुति हंसराज पेंटिंग तथा चित्रकला में महिमा भारद्वाज को प्राप्त हुआ। विद्यालय परिवार की तरफ से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है। इस अवसर पर प्राचार्य मनोज कुमार गॉटलिब, कल्पना मिश्रा, घनश्याम पटेल, देवेन्द्र पांडे, परमिता बारीक, मंजूषा बारीक, एसके नाडिग, डी सिंह, रश्मि, एमजे चौहान, सलोनी, अपराजिता, शांतनु, रिया, बीना, ममता, अनामिका, वेद प्रकाश, मंजू पटेल, नरोत्तम, पुतुल, मिथु चटर्जी, लखन, संतोषी, अरुणा सहित अन्य उपस्थित थे।

### डीएफए फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन आज

**कोरबा।** जिला फुटबाल संघ के सेक्रेटरी पवन गुप्ता के द्वारा सभी फुटबॉल टीम के मैनेजर सूचना जारी किए हैं कि 9 नवंबर को डीएफए फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जो की घुडदेवा फुटबॉल ग्राउंड में खेला जाएगा। जिसमें सभी टीम मैनेजर के खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेकर टूर्नामेंट को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

## करतला वन परिक्षेत्र के ग्राम बोतली का मामला

# हाथियों को खदेड़ने जाना पड़ा महंगा हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत



मृतक ग्रामीण।



घटना स्थल पर विधायक श्री राठिया एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हाथियों के झुंड को खदेड़ना एक ग्रामीण को महंगा पड़ गया। ग्रामीण शुक्रवार की देर रात

**खास बात**

- वन विभाग द्वारा मुनादी कराए जाने के बाद भी ग्रामीण हातियों को खदेड़ने से नहीं आ रहे बाज

ट्रेक्टर से हाथियों के झुंड को खदेड़ने पहुंचे थे। इस दौरान शिवनारायण कंवर भी अन्य ग्रामीणों के साथ हाथियों को खदेड़ने में लगा हुआ था। इस दौरान उसका सामना एक हाथी से हो गया। हाथी को देखने के बाद वह अपनी जान बचाने भागने लगा। इसी दौरान घास में पैर फंसने से वह गिर गया और हाथी ने कुचलकर उसे मौत के घाट उतार दिया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्यवाही में जुट गई।

करतला वन परिक्षेत्र में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है और किसानों की सफल को नुकसान पहुंचा रहा है। हाथियों के झुंड को खदड़ने के लिए ग्रामीण ट्रेक्टर का सहारा ले रहे हैं। वन विभाग द्वारा लगातार गांव में मुनादी की जा रही है। बावजूद इसके ग्रामीण जान हथेली पर रखकर हाथियों को खदेड़ने से बाज नहीं आ रहे हैं। मानव और हाथी द्वंद्व का एक और दर्दनाक मामला सामने आया है। बोतली गांव में देर रात शिवनारायण कंवर की हाथी के हमले में मौत हो गई। वह अपने खेत की फसल की रखवाली के लिए हाथियों को खदेड़ने पहुंचा था। इसी दौरान आमाबाड़ी के पास एक हाथी अचानक उसके सामने आ गया और हमला कर दिया, जिससे शिवनारायण कंवर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार मृतक के परिवार को तत्कालिक सहायता के रूप में 25 हजार रुपए प्रदान कर दिए गए हैं। गौरतलब है कि करतला रेंज में पिछले सप्ताह से 38 हाथियों का झुंड लगातार विचरण कर रहा है। यह झुंड पीडिया और आसपास के क्षेत्रों में फसलों को नुकसान पहुंचा रहा था। बीती रात हाथियों का झुंड आगे बढ़कर बोतली की जंगल की ओर चला गया। इसी दौरान झुंड से अलग हुआ एक हाथी गांव के पास पहुंचा और यह हादसा हो गया। करतला रेंज में एक माह के भीतर हाथी के हमले से यह दूसरी मौत है। इससे पहले रामपुर सर्किल में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति की भी हाथी के हमले में मौत हो चुकी है।

**विधायक ने दी सहायता राशि**

घटना की सूचना मिलने पर रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया मौके पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान विधायक श्री राठिया ने मृतक के परिजनों को 25 हजार रूपये की हार्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों को भी हर संभव मदद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# बिना नंबर की गाड़ियों पर पुलिस ने की कार्रवाई



वाहनों की जांच करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा पुलिस ने बिना नंबर प्लेट वाहनों की धर पकड़ शुरू कर दी है। शनिवार को पुलिस की टीम ने बिना नंबर प्लेट के फर्राटे भरने वाले दो पहिया वाहनों को पकड़कर उनके खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की है। पुलिस की यह कार्यवाही आने वाले दिनों में भी जारी रहेगी।

बांकीमोंगरा थाना प्रभारी चमनलाल सिन्हा ने बिना नंबर प्लेट के वाहनों पर औचक चेकिंग के दौरान धर पकड़ शुरू कर दिया है। शनिवार को बांकीमोंगरा हनुमान चौक में पुलिस कर्मियों ने बिना नंबर के गाड़ियों की सघन जांच शुरू की। जांच के दौरान कई गाड़ी बिना नंबर के पाए गए, उन वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई है। जांच के दौरान कई नाबालिक मोटर सायकल ड्राइविंग करते हुए पकड़े गए हैं, जिनके खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की गई है। बिना नम्बर की गाड़ियों एवं नाबालिकों के द्वारा वाहन चालन पर बांकीमोंगरा पुलिस के द्वारा की गयी इस कार्यवाही से क्षेत्र मे हड़कंप मचा हुआ है। जांच के दौरान कई वाहन ऐसे पाए गए जिनकी नंबर प्लेट नहीं थी या अस्थायी नंबर मिटा दिए गए थे।

# मां की शिकायत पर बेटा और दोस्त गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मां की शिकायत पर उसके बेटे और दोस्त को सुसकी (सूखी मछली) चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मां शहर में घूम-घूम कर सुसकी और चिंगरी बेचकर अपने

**खास बात**

- मछली चोरी कर उसे बेचने के बाद करते थे शराब पार्टी

परिवार का भरण-पोषण करती हैं। उसका बेटा और साथी मछली चुराकर बेच देते और शराब की पार्टी करते थे।

मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र का है। पीड़ित महिला पहले भी कई बार घर से चोरी होने के कारण परेशान थी। उसे पहले से आशंका थी कि उसका छोटा बेटा ही चोरी कर रहा है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। रेलवे कॉलोनी बंद



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

फाटक के पास पीर रोहिदास का घर है वह अपने दो बेटों के साथ रहती हैं। पीर रोहिदास ने आरोप लगाया कि उसका बेटा घर से लगातार सुसकी चुराकर बेच देता था और शराब पीता था। 7 नवंबर को पीर रोहिदास मानिकपुर बाजार में सुसकी बेचने गई थीं। वापस लौटने पर उन्होंने सुसकी कमरे में रख दी थी। बाद में जब उन्होंने देखा तो सुसकी गायब थी। घर वालों से पूछने पर कोई जानकारी नहीं मिली, जिसके बाद उन्होंने मानिकपुर चौकी में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि महिला का छोटा बेटा राजा रोहिदास (25 साल) अपने दोस्त शिवकुमार यादव के साथ मिलकर सुसकी चुराता था। वे चोरी की सुसकी बेचकर शराब पीते थे और पार्टी करते थे। राजा रोहिदास ट्रेन में बूट पॉलिश का काम करता है और शराबी प्रवृत्ति का है। वहीं, उसका दोस्त शिवकुमार यादव राजमिस्त्री का काम करता है और वह भी आदतन शराबी है। मानिकपुर चौकी में पदस्थ एएसआई कुलदीप तिवारी ने बताया कि मामले में धारा 126 और 135 (3) बीएनएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां जमानत न मिलने के कारण उन्हें जेल भेज दिया गया। सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि मानिकपुर चौकी में एक मां ने अपने बेटे और उसके साथी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, क्योंकि वह घर का सामान चुराकर बेच देते थे। दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

# छात्रवास अधीक्षक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली थाना अंतर्गत आने वाले लाफा पोड़ी छात्रावास के अधीक्षक पद पर पदस्थ सीतश कैवर्त उम्र 38 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटना स्थल का निरीक्षण करने के दौरान मृतक के दौरान लिखा गया एक सुसाईड नोट भी मिला है। जिसमें मृतक ने एकांकी जीवन से तंग आकर आत्महत्या करने की बात कही है। पत्र में मृतक ने अपने पिता स्व मोहित राम कैवर्त और अपनी मां का उपचार नहीं कराने का भी जिक्र किया है। स्व मोहित राम कैवर्त जनपद पंचायत पाली के सीईओ के पद पर पदस्थ थे जिनकी मृत्यु कोरोनाकाल में हुई थी। मृतक का छोटा भाई मनीष कैवर्त भिलाई में अध्ययनरत हैं वहीं एक बहन बैंगलोर में निवास करती है। मृतक का तीन माह पूर्व पोड़ी लाफा से सपलवा छात्रावास अधीक्षक के पद पर स्थानांतरण हुआ था लेकिन उसने अपने पद पर ज्वाईनिंग नहीं दी थी।



मृतक।

# पारिवारिक कलह से परेशान युवक ने लगाई फांसी, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





मोतीसागरपारा बस्ती में पारिवारिक कलह से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत का है। मृतक का नाम शनि गोंड (30 वर्ष) है, जो मोतीसागरपारा में अपने परिवार के साथ रहता था। शनि घर से कुछ दूरी पर चाय की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। बताया जाता है कि 7 नवंबर की सुबह शनि अपनी दुकान पर था तभी उसे सूचना मिली कि घर में परिवार के बीच विवाद चल रहा है, यह सुनकर वह तुरंत घर पहुंचा। घर लौटने के बाद उसने गुस्से में अपने कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया। शुरुआत में परिजनों को लगा कि वह नाराज होकर सो गया है, लेकिन जब देर रात तक दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने अनहोनी की आशंका जताई और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो शनि कमरे के अंदर पाइप से रस्सी बांधकर फांसी पर लटका मिला। परिजनों के मुताबिक शनि मेहनती और जिम्मेदार स्वभाव का था, लेकिन घर में लगातार होने वाले विवादों से वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। युवक ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# उद्योग मंत्री ने हसदेव नदी में साढ़े 48 लाख रूपये के घाट निर्माण की रखी आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम के वार्ड क्र. 62 स्थित

**खास बात**

- वार्ड 62 व 65 में साढ़े 76 लाख के विकास कार्य होंगे

सर्वमंगला मंदिर के समीप हसदेव नदी में 48 लाख 53 हजार रूपये की लागत से निर्मित होने जा रहे घाट व पहुंच मार्ग निर्माण की आधारशिला रखी। उक्त स्थल पर नागरिकों की घाट निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग उद्योग मंत्री श्री देवांगन की पहल पर पूरी हुई, तो वहीं उक्त कार्य सहित वार्ड क्र. 62 व 65 में कुल साढ़े 76 लाख रूपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन भी उद्योग मंत्री श्री देवांगन के द्वारा किया गया।

नगर निगम के सर्वमंगलानगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 62 में सर्वमंगला मंदिर के समीप हसदेव नदी पर घाट निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग शनिवार को पूरी हो गई है। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने साढे.48 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने जा रहे उक्त घाट व पहुंच मार्ग निर्माण की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में महापौर के साथ ही नमामि सेवा समिति के प्रमुखजन चन्द्रकिशोर श्रीवास्तव, रणधीर पाण्डेय, मनोज लहरे, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, भानुमति जायसवाल, आरती लखन साहू, रामाधार पटेल, प्रेम साहू आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने घाट निर्माण कार्य



पूजा अर्चना करते उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं अन्य।

स्थल का जायजा लिया तथा पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए समय सीमा में घाट का निर्माण पूरा किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि विभिन्न धार्मिक अवसरों व त्यौहारों जैसे छठ पर्व, दीपावली, देव दीपावली, महाशिवरात्रि, कनकेश्वर धाम यात्रा आदि अवसरों पर श्रद्धालुओं व आमनागरिकों को पूजा पाठ , स्नान, दान व जल एकत्रित करने में यहाँ पर असुविधा होती थी, नागरिकों द्वारा लंबे समय से घाट निर्माण की मांग की जा रही थी, यह मेरा सौभाग्य है कि आज मेरे हाथों घाट निर्माण के कार्य का शुभारंभ हो रहा है तथा देवतुल्य जनताजनार्दन की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। इस अवसर पर मनोज लहरे, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, नरेन्द्र पाटनवार, मण्डल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, माधव जायसवाल, देवकी साहू, भूपेन्द्र बरेठ, आकाश श्रीवास्तव, दिनेश झा, दीपा राठौर, अजय कश्यप, मीना तिवारी, रामेश्वर वैष्णव, प्रशांत मिश्रा, विजेन्द्र यादव, ननकीदास पटेल, उत्तम यादव, राजकुमारी केंवट, जीवन साहू, जयसिंह गभेल, बीना तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**पूर्ण विकसित राज्य बनाने पर हो रहा तेजी से कार्य**

उद्योग मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में राज्य सरकार प्रदेश में सुशासन स्थापित करने व छत्तीसगढ़ को सम्पूर्ण विकसित राज्य बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा सशक्त नेतृत्व देश को मिला है, जिनके मार्गदर्शन में सम्पूर्ण देश के साथ-साथ हमारा छत्तीसगढ़ भी विकास की दिशा में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है, उन्होने कहा कि विगत 11 वर्षो के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विश्व पटल पर भारत को जो प्रतिष्ठा व सम्मान दिलाया है, वह हम सबके लिए गर्व का विषय है।




# अब शहर में बिना लाइसेंस कारोबार करने पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगरीय क्षेत्रों में बिना अनुमति किए जा रहे व्यापार पर सख्ती बरतते हुए नए नियम लागू कर दिए हैं। अब गुमटी, ठेला या वाहनों के माध्यम से व्यापार करने वाले सभी लोगों को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति व्यापार करने वालों पर प्रशासन सख्त कार्यवाही करेगा।

नगर निगम और नगर पालिका क्षेत्रों में व्यापार करने वालों को अब अनुमतिपत्र शुल्क जमा कर लाइसेंस प्राप्त करना होगा। प्रशासन का कहना है कि यह कदम शहरी क्षेत्रों में सुव्यवस्थित व्यवसाय और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। नगर निगम और नगर पालिका क्षेत्रों में व्यापार करने वालों को अब अनुमतिपत्र शुल्क जमा कर लाइसेंस प्राप्त करना होगा। प्रशासन का कहना है कि यह कदम शहरी क्षेत्रों में सुव्यवस्थित व्यवसाय और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। केवल गुमटी या ठेले लगाने वाले ही नहीं, बल्कि वाहनों के माध्यम से व्यापार करने वाले विक्रेता, जैसे मोबाइल दुकानदार, फल-सब्जी या फास्ट फूड वैन संचालक को भी लाइसेंस लेना आवश्यक होगा। बिना अनुमति कारोबार करते पाए जाने पर उनका सामान जब्त किया जा सकता है और जुर्माना भी लगाया जाएगा। प्रशासन ने सभी नगरीय निकायों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। निगम अधिकारियों को ऐसे व्यापारिक प्रतिष्ठानों और ठेलों की सर्वे सूची तैयार करने के भी निर्देश दिए गए हैं। संबंधित अधिकारियों का कहना है कि यह निर्णय शहरी क्षेत्रों में सड़क किनारे अतिक्रमण, अव्यवस्थित ठेले-गुमटी और यातायात बाधाओं को रोकने के लिए लिया गया है। लाइसेंस प्रक्रिया लागू होने से शहर में सुव्यवस्थित व्यापारिक व्यवस्था कायम होगी और राजस्व संग्रहण में भी वृद्धि होगी।







